# 2,850 करोड़ रुपये का निवेश करेगी बलरामपुर चीनी मिल

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ: बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड प्रदेश में 2,850 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनंद ने बताया कि लखीमपुर खीरी स्थित कुंभी चीनी मिल में 250 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता का पालीलैक्टिक एसिड (पीएलए) प्लांट स्थापित करने के लिए बलरामपुर चीनी मिल्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है। इससे 225 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मंगलवार को मुंबई में इन्वेस्ट यूपी के सीईओ और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। बलरामपुर चीनी मिल्स के अध्यक्ष विवेक सरावगी ने कहा कि इस प्लांट का परिचालन जल्द से जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है।